1)निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर गद्यांश के आधार पर लिखिए-

भगवान ही जनता है जब मैं किसी को साईकिल की सवारी करते या हारमोनियम बजाते देखता हूँ, तब मुझे अपने ऊपर कैसी दया आती है। सोचता हूँ, भगवान ने ये दोनों विद्याएं भी खूब बनाई हैं? एक से समय बचता है दूसरी से समय कटता है।

1. लेखक को किन लोगों को देखकर अपने ऊपर दया आती है?
2. लेखक को साइकिल की सवारी और हारमोनियम बजाने को देखकर क्या भावना होती है?
3. लेखक किन दो विद्याओं की बात कर रहा है?
4. किस विद्या से समय कटता है?
5. किस विद्या से समय बचता है?
2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -
1. किस व्यक्ति को जीवन में सुख नहीं मिलता है?
2. सूर्योदय होते ही कौन आसमान से विदा लेते हैं?
3. तिवारी जी का पूरा नाम क्या था?
4. उस्ताद की फीस कितने रुपए थी?
5. समय की चाल कैसी मानी गई है?
6. संजू क्या झूठ बोलता था?
7. कौन बहाने करा रहा है?
8. संजू को क्या बुरी आदत थी?
9. प्रभाती कविता के कवि कौन हैं?
10. कौन हमेशा झूठ बोलता था?

3) शब्दार्थ लिखिए -

1. सुयोग -
2. लज्जा -
3. दीर्घ -
4. खीजकर-
5. घृणा -
6. अविकल-
7. गतिवान -
8. भीतर -

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -
1 किरणों की भीड़ में कौन खो गए?
2 धरती का प्यारा किसे कहा गया है?
3 लेखक को अपने ऊपर दया क्यों आती है?
4 सुयोग का क्या अर्थ होता है?
5 कार्य पूरा न होने और समय बीत जाने पर हम क्या करते हैं?
6 लेखक के दिल में क्या ख्याल आया?
7 आलार्म कब बजता था?
8 सुयोग के पास खड़े होने का क्या अर्थ है?